कार्यालयः प्रधानाचार्य, राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या।

पत्रांकः–मे0का0अ0 / विज्ञापन / 2026 / 2006 दिनांकः 21 / 07 / 2026

## कार्यालय ज्ञाप

**राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अयोध्या के विभिन्न विभागो में संविदा के आधार पर आचार्य, सह–आचार्य एवं सहायक आचार्य के रिक्त पदो पर सेवायोजन हेतु विज्ञप्ति।**

राजर्षि दशरथ, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अयोध्या उ0प्र0 में एन0एम0सी0 / एम0सी0आई0 मानको की पूर्ति हेतु रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर वाक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-Interview) के माध्यम से चिकित्सा महाविद्यालय अयोध्या के चयन समिति के स्तर से किया जायेंगा। चयन की प्रक्रिया एन0एम0सी0 मानको की अद्यतन संस्तुति के अनुसार दिनांक 28.07.2026 से प्रत्येक मंगलवार को राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अयोध्या में प्रधानाचार्य कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे से सायं 02:00 बजे तक सम्पन्न की जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं उनकी सत्यापित छायाप्रतियो की 02 सेट, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं 02 फोटो सहित उपस्थित हों।

नवीनतम शासनादेश के अनुसार आरक्षण लागू होगा। पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है या रिक्त होने पर नये पद भी सम्मलित हो सकते है। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर एन0एम0सी0 मानको की पूर्ती हेतु सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी इन पदो के लिए पात्र होगें। जिन विभागो में आचार्य के पद है उन विभागो में आचार्य के पात्र उम्मीदवार न मिलने पर आचार्य के सापेक्ष सह–आचार्य एवं सह–आचार्य के पात्र उम्मीदवार न मिलने पर सह–आचार्य के सापेक्ष सहायक आचार्य की भर्ती की जा सकती है। पदों की अद्यतन स्थिति एवं समस्त विवरण www.asmcayodhya.ac.in पर उपलब्ध है।

| S. No. | Name of Specialization | Professor | | Associate Professor | | Assiatant Professor | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | No of Post | Category | No of Post | Category | No of Post | Category |
| 1 | Orthopaedic Surgery | 01 | SC | - | - | - | - |
| 2 | Obs & Gynae | 01 | UR | - | - | - | - |
| 3 | Emergency Medicine | 01 | UR | - | - | - | - |
| 4 | Anaesthesia | 01 | UR | 01 | UR | 02 | OBC-01<br>SC-01 |
| 5 | ENT | 01 | OBC | 01 | SC | - | - |
| 6 | Community Medicine | - | - | 01 | UR | 01 UHTC<br>01 RHTC | SC-01<br>OBC-01 |
| 7 | PMR | 01 | UR | - | - | - | - |
| 8 | Forensic Medicine | - | - | 01 | SC | - | - |
| 9 | Microbiology | 01 | OBC | - | - | - | - |
| 10 | Radiotherepy | 01 | SC | - | - | 01 | EWS |
| 11 | Pathology | - | - | 01 | UR | - | - |
| 12 | Pharmacology | - | - | 01 | OBC | - | - |
| **Total** | | **08** | - | **06** | - | **05** | - |

संविदा पर नियुक्ति की शर्ते निम्नवत् हैः–

1. संविदा पर नियुक्ति किये जाने वाले आचार्यो का नियत वेतन मानदेय रू0 2,20,000.00/प्रतिमाह, सह–आचार्यो का नियत वेतन मानदेय रू0 1,60,000.00/प्रतिमाह तथा सहायक आचार्यो को नियत वेतन मानदेय रू0 1,20,000.00/प्रतिमाह है। इस हेतु आवेदनकर्ता को Medical Counselling of India, Minimum Qualification for Teacher in Medical Institutions, 1998 द्वारा निर्धारित शैक्षिक अर्हताए एवं अनुभव पूर्ण करना आवश्यक है।
2. उक्त नियत वेतन के अतिरिक्त संविदा पर कार्यरत चिकित्सा शिक्षको को अन्य किसी भी प्रकार के वेतन/भत्ते एवं सेवागत लाभ अनुमन्य नहीं होगे।
3. शासनादेश संख्या–2282/71–1–2013–जी0–11/2011 दिनांक 23.09.2013 द्वारा राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेजों में सेवानिवृत चिकित्सा शिक्षकों को संविदा पर नियुक्ति किये जाने की अधिकतम आयु सीमा 70वर्ष होगी।
4. शासनादेश संख्या–562/71–1–2020–जी063/2008 दिनांक 10.06.2021 द्वारा संविदा पर नियुक्त चिकित्सा शिक्षकों की अधिकतम आयु नियुक्ति वर्ष के जुलाई माह के प्रथम दिवस को सहायक आचार्य हेतु 60 वर्ष, सह–आचार्य हेतु 64 वर्ष एवं आचार्य हेतु 68 वर्ष होगी।
5. चिकित्सा शिक्षकों की शैक्षिक अर्हता/शैक्षिक अनुभव Autonomous State Medical College Uttar Pradesh, Principal and Teacher's (Recruitment & other Condition of services) Model Rule 2020 में नियत व्यवस्था के अनुसार होगी।
6. ड्यूटी अवधि में किसी भी प्रकार की निजी प्रैक्टिस करने की अनुमति नही होगी।
7. प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले शिक्षकों को प्राइवेट प्रैक्टिस के स्थान निर्दिष्ट करना होगा।
8. कोई भी चिकित्सा शिक्षक इस चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालयों में आये रोगियों को प्राइवेट में देखने के लिये बाध्य नही करेगा।
9. प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सा शिक्षकों को मेडिकल कालेजों में आकस्मिक/आपदा सेवाऐ के दृष्टिगत हमेशा उपलब्ध रहना होगा।
10. संविदा पर नियुक्त चिकित्सा शिक्षको की सेवाये नियमित चिकित्सा शिक्षकों के नियुक्त होने पर तत्काल समाप्त हो जायेगी एवं सेवा संतोषजनक न पाये जाने पर 01 माह की नोटिस देकर भी सेवा समाप्त की जा सकती है।
11. ऐसे चिकित्सा शिक्षको का संविदा कार्यकाल 01 वर्ष का होगा। 01 वर्ष की संतोषजनक सेवा के पश्चात चयनित अभ्यर्थी/नियमित चिकित्सा शिक्षक उपलब्ध न होने पर आवश्यकतानुसार इनकी सेवाये संतोषजनक सेवा के आधार पर पुनः बढाया जा सकेगा।
12. संविदा पर नियुक्त चिकित्सा शिक्षको के लिये यह आवश्यक होगा कि वह नियुक्ति पत्र जारी होने के 15 दिवसो के भीतर संबंधित मेडिकल कालेज मे अपना कार्यभार ग्रहण कर ले। उक्त कालावधि मे कार्यभार ग्रहण न करने की दशा मे संविदा नियुक्त स्वतः रद्द मानी जायेगी। संविदा पर नियुक्त ऐसे चिकित्सा शिक्षको की कार्यभार ग्रहण करने की सूचना संबंधित मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य/नोडल प्रधानाचार्य द्वारा शासन व महानिदेशालय चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण को तत्काल भेजी जायेगी।
13. संविदा पर नियुक्त चिकित्सा शिक्षक की कालावधि के लिए किसी प्रकार की पेन्शन संबंधी सुविधाओ का हकदार नहीं होगा। उसे ऐसे कालावधि के लिए कोई बोनस आदि देय नहीं होगा।
14. चिकित्सा शिक्षक शासकीय सेवा मे विनियमतीकरण के लिए हकदार नही होगे।
15. संविदा आधारित नियुक्ति किसी भी एक पक्ष के द्वारा और किसी भी समय 01 माह की अग्रिम सूचना या 01 माह का संविदा वेतन भुगतान करके समाप्त की जा सकती है।
16. संविदा पर नियुक्त चिकित्सा शिक्षकों की अन्य सेवा शर्त ऐसी होगी जैसे करार या अनुबन्ध पत्र मे विनिर्दिष्ट की जायें। संविदा पर कार्यरत चिकित्सा शिक्षको के अनुबंध या करार मे इस तथ्य का उल्लेख किया जायेगा कि वह भविष्य मे अपने कार्य या कार्यकाल के आधार पर अपने विनियमतीकरण अथवा स्थायीकरण का दावा नही करेगें और न ही उन्हे निर्धारित नियत वेतन के अतिरिक्त कोई अन्य सुविधा अनुमन्य होगी।

17. अभ्यर्थियो के साक्षात्कार के समय इस आशय का घोषणा पत्र भी देना होगा कि उनके विरूद्ध माननीय न्यायालय मे आपराधिक वाद प्रचलित नहीं है, यदि उनके विरूद्ध कोई प्रतिकूल तथ्य पाया जाता है तो उसकी सेवाये समाप्त कर दी जायेगी।

18. किसी भी आरक्षित श्रेणी का लाभ लेने के लिए उससे सम्बन्धित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

19. पदो की संख्या घटायी या बढायी जा सकती है।

20. उक्त साक्षात्कार के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

प्रधानाचार्य
राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय
अयोध्या।

पत्रांक–मे0का0अ0 / विज्ञापन / 2026 / 2006 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–03, लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को महानिदेशक की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. समस्त विभागाध्यक्ष / नोडल अधिकारी, राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या को इस आशय से प्रेषित की उक्त सेवायोजन विज्ञप्ति को अपने विभाग के नोटिस बोर्ड में लगवाने की व्यवस्था अपने स्तर से करें तथा साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करें।
4. आहरण एवं वितरण अधिकारी, राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या।
5. आई0टी0 सेक्शन को इस आशय से प्रेषित कि आप उक्त विज्ञप्ति को चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या की वेबसाइट www.asmcayodhya.ac.in पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
6. समस्त प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज एवं स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों, उ0प्र0।
7. प्रधान लिपिक, अधिष्ठान / लेखा / कैशियर, राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या।
8. गार्ड फाइल।

प्रधानाचार्य
राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय
अयोध्या।

## Application Form

**Advertisement Number and Date .........................................................................................**
**Post ............................................................ (The Post for which the application is being made)**

Note: - All information must be completed by the applicant.

Self Attested Photo

1. Name of Applicant .......................................................................
2. Male/Female ...................................................................................
3. Father/Husband's Name (including Surname) ...............................
4. Present Address of Residence (including PIN code) ......................
   .........................................................................................................
   .........................................................................................................
   Name of the City ................................ Phone No .............................................
   Mobile No ........................................ Email ID ...............................................
5. Permanent Address .........................................................................................
   .........................................................................................................
   Name of the City ................................ Phone No .............................................
   Mobile No ........................................ Email ID ...............................................
6. Adhar card number (if any) ..........................................................................
7. Date of birth (enclose the mark sheet of high school examination) .......................
8. Age of applicant as on 01-7-2026 ............ Day .............. Month ........... ....Year
9. Applicant's Marital Status:- Married / Unmarried ..............................................
10. Date of Marriage ..........................................................................................
11. Category: Unreserved / Scheduled Caste/Scheduled Tribe / Other Backward Class / Disabled ....................................................................................
    (Attach photocopy of certificate issued by competent authority of reserved category)
12. Registration Number and Name of the Medical Council and Date ......................
    a. MBBS-
    b. MD/MS-
    c. MCh/DM-

13. Educational Qualification: (Enclose attested photo copies of certificates and marks sheets)

| No | Name of the examination | Institution/ Board/ University | Year | Subject | Marks Obtained/ Max Marks | MBBS Total marks/ Percentage | effort (attempts) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MBBS | | | | | | |
| 2 | MD/MS | | | | | | |
| 3 | DM/MCh | | | | | | |

14. Educational Experience :-

| No | Designation | From | To | Duration | Institution Name |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Professor | | | | |
| 2 | Associate Professor | | | | |
| 3 | Assistant Professor | | | | |
| 4 | S.R./Tutor/Demonstrator | | | | |

(Attach experience certificate)

15. Research Publications:-

| No | Designation | Research Publications |
|---|---|---|
| 1 | Professor | |
| 2 | Associate Professor | |
| 3 | Asstt. Professor | |
| 4 | S.R./Tutor/Demonstrator | |

(Attach Photo Copy)

16. Application Fee:

(A demand draft of Rs. 500/- (Rs. Five hundred) I favor of "Principal Rajarshi Dashrath Autonomous State Medical College, Ayodhya" payable of Ayodhya is mandatory as application fee. Alternatively application fee of Rs. 500/- (Rs. Five hundred) may deposit online in Bank of Baroda, (IFSC code- BARB0DEOKAL) Branch Deokali, Ayodhya. Account no.- 37850100007565 IFSC code- BARB0DEOKAL proof of which has to be attached along with the application form.)

17. List of attached certificates ..........................................................................

Place ..................................

Date ...................................

Full Name and Signature of the Applicant

**// Announcement //**

1- I certify that the above information given by me is complete and true. In the event of information being false, my application form / appointment letter can be cancelled.
2- I certify that I have not been found guilty by any court of any offense of moral decimation nor is there any such case against me in any jurisdiction.

Place ..................................

Date ...................................

Full Name and Signature of the Applicant